राजस्थान सरकार
वन विभाग

क्रमांकः प0 12(1)वन / 2018—01204—पार्ट—4 जयपुर, दिनांकः

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ),
राजस्थान, जयपुर।

विषयः—आवश्यक अस्थाई आधार पर पदस्थापित पशु चिकित्सकों की कार्यावधि बढ़ाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः—प्रमुवसं (हॉफ) कार्यालय की पत्रावली क्रमांक f 6()2022/karmik/-vividh/pccf-07915-Part File(3)

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रावली द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में सक्षम स्तर पर लिए गए निर्णयानुसार लेख है कि विभागीय आदेश दिनांक 15.09.2023 में अंकित 17 पशु चिकित्सा अधिकारियों की 8 माह (कार्यग्रहण तिथि से कुल 11 माह) हेतु कार्यावधि विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक 04.10.2022 व विभागीय आदेश दिनांक 18.08.2023 में उल्लेखित शर्तों के अतिरिक्त निम्न शर्तों के अध्यधीन एतद्द्वारा बढ़ाई जाती है:—

1. विभाग यह सुनिश्चित कर लेवे कि प्रस्तावित कार्मिकों की अस्थायी नियुक्ति स्वीकृत पदों के विरूद्ध, वित्त विभाग की सहमति से एवं संबंधित सेवा नियमों के प्रावधानानुसार निर्धारित प्रक्रिया की पालना के उपरांत की गई है, तो ही उक्त अभिवृद्धि मान्य होगी।
2. विभाग यह भी सुनिश्चित कर लेवे कि प्रस्ताव में अंकित कार्मिक वर्तमान में कार्यरत है।
3. विभाग द्वारा उक्त रिक्त पदों पर शीघ्र नियमित नियुक्ति के ठोस प्रयास किये जावे तथा इस अवधि के दौरान, इन पदों पर नियमित रूप से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने पर चयनित कार्मिकों का ही पदस्थापन किया जावें।
4. विभाग आवश्यक अस्थायी आधार पर कार्यरत कार्मिकों के बारे में अपने स्तर पर परीक्षण एवं जांच कर ही आवश्यक आदेश जारी करें।
5. विभाग आवश्यक अस्थायी आधार पर ना तो किसी नये आवेदक को नियुक्ति प्रदान करेगा ना ही इस सूची में कोई नया नाम अंकित करेगा।

भवदीया,

Signature valid
Digitally signed by Mitali Sen
Designation: Deputy Conservator Of Forest
Date: 2024.01.09 16:55:25 IST
Reason: Approved

संयुक्त सचिव

RajKaj Ref
5311584

राजकीय ई—मेल

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 6 ( )2022 / कार्मिक—विविध / प्रमुवसं—07915 / 7146-63 दिनांक : 11/1/24

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. उप वन संरक्षक, वन्य जीव, बीकानेर / वन्यजीव जोधपुर / वन्यजीव जैसलमेर / वन्यजीव भरतपुर / वन्यजीव आबू पर्वत
2. उप वन संरक्षक, चुरू / अजमेर / करौली / बून्दी / बाड़मेर / हनुमानगढ़ / जालौर / नागौर / डूंगरपुर / प्रतापगढ़ / राजसमन्द / चित्तौड़गढ़।
3. उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु प्रेषित है।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराजपत्रित)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजस्थान, जयपुर